**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 12 सितम्बर 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- **हरियाणा के राज्यपाल  बंडारू दत्तात्रेय ने हरियाणा विधानसभा भंग करने की घोषणा की।**
- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परसों  कुरुक्षेत्र की पावन धरा  से भारतीय जनता पार्टी के चुनावी अभियान का शंखनाद करेंगे।**
- **आज हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन श्रुति चौधरी,महिपाल □ांडा,आदित्य सुरजेवाला एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन बिश्नोई सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।**
- **पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हूडा ने टिकट वितरण के बाद पार्टी में किसी भी प्रकार की बगावत से इंकार किया।**
- **पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा से  सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि उनकी विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त करना गलत नहीं है।**

**************************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने हरियाणा विधानसभा को तत्काल प्रभाव से भंग करने की घोषणा की है। यह कार्रवाई भारतीय संविधान के अनुच्छेद 174 के खंड (2) के उप खंड (ख ) के तहत राज्यपाल को प्रदत्त शक्तियों के अनुसार की गई है।

***************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुरुक्षेत्र की पावन भूमि से परसों 14 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी के चुनावी अभियान का शंखनाद करेंगे। बीजेपी की प्रदेश महामंत्री डॉ० अर्चना गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री की इस रैली में 6 जिलों के 23 प्रत्याशी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि यह रैली ऐतिहासिक होगी। रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंहऔर, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली के अलावा पार्टी के अन्य बड़े नेता मौजूद रहेंगे। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि इस रैली में पंचकूला, कुरुक्षेत्र, अंबाला, कैथल, यमुनानगर एवं करनाल विधानसभाओं के कार्यकर्ता और आम लोग शामिल होंगे।

***************************************************************************

आज हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन भारतीय जनता पार्टी, जननायक जनता पार्टी सहित कांग्रेस प्रत्याशियों ने भी बड़ी संख्या में नामांकन दाखिल किए।करनाल के असंध और नीलोखेड़ी में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों का नामांकन करवाया। असंध से योगेंद्र राणा और नीलोखेड़ी से भगवान दास कबीरपंथी ने नामांकन भरा। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बताया कि आज अंतिम दिन बीजेपी के 27 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र भरे हैं और इस तरह बीजेपी के सभी 90 उम्मीदवारों के नामांकन का कार्य पूरा हो गया है।आज पानीपत ग्रामीण विधानसभा हलके से उम्मीदवार महिपाल ढांडा ने गढ़ी सांपला किलोई से

मंजू हुड्डा और रोहतक से पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने राजस्थान से विधायक बाबा बालकनाथ की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल किए। जींद से बीजेपी प्रत्याशी कृष्ण मिड्ढा ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की उपस्थिति में नामांकन किया जबकि भिवानी में जहां निर्दलीय प्रत्याशियों ने पर्चे भरे, वहीं तोशाम हलके से बीजेपी की उम्मीदवार चौधरी बंसी लाल की पोत्री व सांसद किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी ने तोशाम में नामांकन दर्ज करवाया। तोशाम में श्रुति चौधरी के साथ बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब, भिवानी महेंद्रगढ़ से सांसद धर्मबीर सिंह और सांसद किरण चौधरी मौजूद रहे। सभी ने अनाजमंडी में एक जनसभा को भी संबोधित किया। पूर्व मुख्यमंत्री बंसी लाल के दामाद सोमबीर सिंह ने बाढ़डा से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल किया। कांग्रेस प्रत्याशी महावीर गुप्ता ने जींद से नामांकन पर्चा भरा। वहीं सोनीपत में प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में चल रहे पूर्व विधायक एवं कांग्रेस प्रत्याशी सुरेंद्र पंवार ने अपना नामांकन दाखिल किया।पंचकूला से आज कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन बिश्नोई जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी सुशिल गर्ग और इनेलो बीएसपी गठबंधन के उम्मीदवार डॉ० क्षितिज चौधरी एवं कई निर्दलीय प्रत्याशियोंने नामांकन दाखिल किया।वहीँ थानेसर हलके कांग्रेस प्रत्याशी अशोक अरोड़ा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हूडा की मौजूदगी में नामांकन पर्चा भरा कैथल से कांग्रेस प्रत्याशी आदित्य सुरजेवाला ने अपने पिता रणदीप सुरजेवाला एवं समर्थकों के साथ नामांकन पत्र भरा वहीँ बीजेपी प्रत्याशी लीला राम गुर्जर ने सांसद नवीन जिंदल एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्तिथि में नामांकन पत्र दाखिल किया।आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मास्टर

सतबीर गोयल ने पंजाब के कैबिनेट मंत्री अमन अरोरा की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।वहीँ पुण्डरी से बीजेपी प्रत्याशी सतपाल जाँबा ने सांसद नवीन जिंदल की उपस्तिथि में नामांकन भरा।इससे हलके से पूर्व विधायक रणधीर गोलन और पूर्व विधायक विनेश कौशिक एवं सतबीर भाना ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया ।वहीँ पूर्व विधायक सतबीर राणा और उम्मीदवारों ने कलायत से अपना पर्चा भरा गुहला चीका हलके से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंदर हंस,इनेलो प्रत्याशी पूनम रानी और आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी राकेश कुमार खानपुर ने अपने पर्चे दाखिल किये।कल नामांकन पत्रों की जाँच होगी और 16 सितम्बर तक नामांकन पत्र वापिस लिए जा सकेंगे।

*********************************************************************

आज, कांग्रेस पार्टी द्वारा टिकट न दिए जाने से नाराज़ कई नेताओं ने पार्टी से बगावत कर दी।

भिवानी के बवानीखेड़ा हलके से टिकट कटने के बाद मास्टर सतबीर रतेरा और भिवानी से पूर्व विधायक रामकिशन ने कांग्रेस से निर्दलीय तौर पर पर्चा भरा। अंबाला छावनी से पूर्व मंत्री निर्मल सिहं की बेटी चित्रा सरवारा ने भी कांग्रेस का दामन छोड़ निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन किया। पानीपत ग्रामीण से विजय जैन ने भी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने के लिए नामांकन दाखिल किया।

*********************************************************************

कांग्रेस पार्टी द्वारा टिकट ना दिए जाने से नाराज रोहिता रेवड़ी ने आज कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया।उन्होंने आज पानीपत शहरी सीट से आजाद उम्मीदवार के तौर पर नामांकन भरा। सुश्री रोहिता रेवड़ी 2014 में पानीपत शहरी सीट से बी जी पी की टिकट से चुनाव लड़कर विधायक बनी थी।इस वर्ष मई में वह बी जे पी छोड़ कांग्रेस में शामिल हो गई थी ।

बी जी पी ने पानीपत शहरी सीट से महिपाल को टिकट दी है

************************************************************************

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हूड्डा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में टिकट वितरण के बाद कांग्रेस पार्टी में किसी भी प्रकार की बगावत से इंकार किया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस पार्टी की ओर से उम्मीदवारों की सूची जारी करने में किसी भी प्रकार की देरी नहीं हुई है। समय पर ही उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। वह रोहतक में अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान आम आदमी पार्टी के प्रदेश सह सचिव एवं रोहतक विधानसभा क्षेत्र से पार्टी टिकट के दावेदार रहे लवलीन टुटेजा और उनके समर्थकों को कांग्रेस पार्टी में शामिल कराया गया ।

************************************************************************

कांग्रेस ने भिवानी विधानसभा सीट से कोई उम्मीदवार घोषित नहीं किया। पार्टी ने यह सीट भारतीय मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी और भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी गठबंधन के लिए छोड़ दी है। कांग्रेस यहां से

गठबंधन के उम्मीदवार कामरेड ओम प्रकाश का समर्थन करेगी।कामरेड ओम प्रकाश ने आज भिवानी से वामपंथ और कांग्रेस के साझा उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया।

****************************************************

******************

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि उनकी विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा थी और इच्छा व्यक्त करना कोई गलत बात नहीं है, लेकिन फैसला तोआलाकमान को ही करना होता है।एक निजी चैनल से बातचीत में कुमारी सेलजा ने कहा कि आलाकमान जिसे उम्मीदवार घोषित करता है, हर कार्यकर्ता उसको जिताने के लिए काम करता है। कुछ दिन पूर्व उनके इस्तीफे को लेकर चली खबरों को लेकर उन्होंने कहा कि जो कुछ भी दिखाया गया वह तीन साल पहले की है जब उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था। जब उनसे पूछा गया कि आलाकमान क्या होता है तो उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी है, राहुल गांधी है अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आलाकमान है।जब उनसे पूछा गया कि राहुल गांधी हरियाणा में आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन चाहते थे तो राज्य संगठन ने इससे मना कर दिया तो उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कभी निर्देश नहीं देते वे अपनी इच्छा व्यक्त करते है, रही इंडिया गठबंधन की बात तो वह केंद्रीय स्तर पर पहले से है। कांग्रेस 90 सीटों पर उम्मीदवार तय कर चुकी है,।यह पूछे जाने पर कि एक गुट को ज्यादा टिकट मिली है तो मुख्यमंत्री कैसे चुना जाएगा, उन्होंने कहा कि वे पहले भी कई बार कह चुकी कि

मुख्यमंत्री का फैसला तो आलाकमान  करता है, हरियाणा का इतिहास उठाकर देख लो पता चल जाएगा कि नेता कैसे चुना जाता है।
प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने पर क्या जातीय जनगणना कराई जाएगी, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि जनगणना करवाना केंद्र सरकार का काम होता है वहीं जनगणना कराती है, राज्य सरकार यह काम नहीं कराती।

************************************************************************

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उम्मीदवार व राजनीतिक दल विज्ञापन का प्रसारण मीडिया प्रमाण और निगरानी समिति  की अनुमति व प्रमाण पत्र के बिना नहीं कर सकेंगे। आयोग के नियमों की अवहेलना करने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।श्री अग्रवाल ने कहा कि विधानसभा  चुनाव को लेकर सभी जिलों और राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियों का गठन किया गया है। यह समितियां चुनाव से सम्बंधित सभी प्रकार के विज्ञापनों की अनुमति देगी और पेड न्यूज पर नजर भी रखेगी। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर जारी किए जाने वाले सभी राजनीतिक विज्ञापनों को संबंधित मीडिया प्रमाण समिति से पूर्व प्रमाणन की आवश्यकता होगी।